न्यायालय उपखण्ड अधिकारी माण्डलगढ़ जिला भीलवाड़ा (राज0)

पीठासीन अधिकारी– जय कौशिक (आर.ए.एस.)

प्रकरण संख्या : 59/2022

तारीख दायर : 24.06.2022

अनवान

1. अनुसूया पत्नि गिरधारी लाल जाति आचार्य निवासी माण्डलगढ़ तहसील माण्डलगढ़।
2. सुशीला देवी पत्नि मूलचन्द जाति डांगी निवासी माण्डलगढ़ तहसील माण्डलगढ़।

प्रार्थीगण...

बनाम

1. नानी देवी पत्नि भवानीलाल जाति भाट निवासी माण्डलगढ़ तहसील माण्डलगढ़।
2. परमेश्वर पुत्र केसरसिंह जाति राव निवासी माण्डलगढ़ तहसील माण्डलगढ़।
3. कन्हैयालाल पुत्र परमेश्वर जाति राव निवासी माण्डलगढ़ तहसील माण्डलगढ़।
4. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार माण्डलगढ़ जिला भीलवाड़ा।

अप्रार्थीगण.....

उपस्थित :–

1. श्री गिरधारीलाल आचार्य (अधिवक्ता प्रार्थीगण)
2. श्री मुकेश स्वर्णकार (अधिवक्ता अप्रार्थीगण)

प्रार्थना पत्र अर्न्तगत धारा 131 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम–1955

–: निर्णय :–

दिनांक : 30.01.2023

प्रार्थना पत्र के तथ्य संक्षेप में इस प्रकार है कि प्रार्थीगण द्वारा जरिये अधिवक्ता एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 131 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम के तहत न्यायालय में प्रस्तुत किया। बाद जांच सीगे से प्रार्थना पत्र दर्ज योग्य पाये जाने पर प्रार्थना पत्र मुतफरकात रेवेन्यू में दर्ज किये जाने के आदेश दिये। विपक्षीगण को जरिये नोटिस के तलबी की गयी। विपक्षीगण के नोटिस प्राप्त होने पर विपक्षीगण 1 से 3 की और से अधिवक्ता श्री मुकेश सोनी ने अधिकार पत्र प्रस्तुत किया। विपक्षी नं. 4 की पैरवी हेतु नायब तहसीलदार माण्डलगढ़, न्यायालय में उपस्थित आये। प्रार्थीगण के प्रार्थनापत्र में वर्णित तथ्यों के अनुसार प्रार्थीगण के खाते में दर्ज भूमि मौजा माण्डलगढ प0ह0 माण्डलगढ़ तहसील माण्डलगढ में स्थित आराजी खसरा नं0 1189 रकबा 0.4796 हैक्टेयर के अभिलिखित कब्जेधारी खातेदार काश्तकार है। प्रार्थीगण की खातेदारी में दर्ज भूमि के पश्चिमी दिशा के पडौसी विपक्षीगण है। प्रार्थीगण की खातेदारी में दर्ज भूमि खसरा नम्बर 1189 की सीमा खसरा नं. 1494/1189 की पूर्वी सीमा तक स्थित थी। प्रार्थीगण ने जरिये दो विक्रय पत्रों के 5 बिस्वा भूमि विपक्षी नं. 2 को विक्रय की। प्रार्थीगण द्वारा भूमि विपक्षी नं. 2 को विक्रय की गयी 5 बिस्वा की तरमीम नक्शा ट्रेस में गलत की गई। जिस प्रकार नक्शा ट्रेस में तरमीम की गयी उसके खसरा नं. 1494/1189 रकबा 0.0081 हेक्टेयर उक्त तरमीम के उत्तर दिशा में प्रार्थीगण की खातेदारी मे दर्ज भूमि ख.नं. 1189 को नक्शा ट्रेस में दर्शाया हुआ है। विपक्षी नं. 01 की खातेदारी में दर्ज ख.नं. 1494/1189 रकबा 0.0081 हैक्टेयर को प्रार्थीगण की नक्शा ट्रेस में दर्शायी गयी प्रार्थीगण की खातेदारी भूमि खसरा नं. 1189 की पश्चिमी मेर की भीतरी सीमा में तरमीम दर्ज कर दी गयी। जब कि खसरा नं. 1494/1189 की तरमीम प्रार्थीगण की खातेदारी भूमि की पश्चिमी मेर के बाहर दर्ज की जानी चाहिये थी। प्रार्थीगण की खातेदारी भूमि में जिन तीन खसरा नम्बरान 1494/1189, 1493/1491, 1491/1189 का जितना रकबा जमाबन्दी में दर्ज है उसकी तुलना में बडे आकार की तरमीम नक्शा ट्रेस में की हुयी है। जिन खसरा नम्बर 1494/1189 रकबा 0.0081 हैक्टेयर, जो विपक्षी नं. 2 के नाम पर दर्ज है खसरा नं. 1493/1491 रकबा 0.0162 हेक्टेयर विपक्षी नं. 01 के नाम पर दर्ज है। व खसरा न0 1491/1189 रकबा 0.0162 हैक्टेय भूमि विपक्षी संख्या 03 के नाम

उपखण्ड अधिकारी
माण्डलगढ़

Scanned with CamScanner